नगर निगम, झाँसी।

बैठक का स्थान – नगर निगम प्रशासनिक भवन स्थित
महारानी लक्ष्मीबाई सभाकक्ष
समय 04:00 बजे सांयकाल

नगर निगम सदन की बैठक दिनांक 23.11.2015 का कार्यवृत्त

नगर निगम स्मार्ट सिटी की बैठक नगर निगम स्थित प्रशासनिक भवन के महारानी लक्ष्मीबाई सभाकक्ष में मा0 महापौर श्रीमती किरन राजू बुकसेलर की अध्यक्षता में उपस्थित मा0 सदस्यों के कोरम पूरा होने पर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में नगर आयुक्त, कार्य0 अपर नगर आयुक्त, अधिशासी अभियन्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य नगर लेखा परीक्षक, सदन प्रभारी आदि उपस्थित रहे। श्री केशव प्रसाद, सदन प्रभारी ने सभाकक्ष में उपस्थित मा0 महापौर, एवं सभी मा0 पार्षदगणों व अधिकारियों, पत्रकार बन्धुओं का हार्दिक स्वागत किया तथा मा0 महापौर महोदया की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की।

प्रस्ताव संख्या 01 :- नगर निगम झाँसी जो स्मार्ट सिटी मिशन की द्वितीय प्रतिस्पर्धा के लिए प्रयासरत है, उक्त के क्रम में अब तक नगर निगम झाँसी द्वारा किये गये कार्यों को मा0 सदन को सूचित करने, द्वितीय स्पर्धा मे सफल होने एवं तदअनुरुप स्र्माट सिटी मिशन हेतु वित्तीय योजना एवं एस.पी.बी. के गठन किये जाने का प्रस्ताव।

विचार विमर्शः– नगर आयुक्त जी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा पूरे देश भर से प्रथम चरण में 98 शहरों का चयन किया गया है जिसमें झाँसी महानगर सम्मिलित है द्वितीय चरण की प्रतिस्पर्धा में 20 शहरों में स्थान पाने के लिए झाँसी महानगर के स्मार्ट नागरिकों को ऑन–लाइन वोटिंग के माध्यम से अपना मत स्मार्ट सिटी बनाने के लिए प्रस्तुत करना है। जिसकी अंतिम तिथि 25 नवम्बर 2015 है। अतः आप सभी अपने–अपने वार्डों के जन–प्रतिनिधि होने के नाते जनता को जागरुक कर ऑन–लाइन वोट करने के लिए प्रेरित करें।

नगर आयुक्त द्वारा अब तक की कार्यवाही से अवगत कराया गया।

माननीय महापौर महोदया द्वारा स्मार्ट सिटी बनाने हेतु मा0 सभी पार्षद गणों से आग्रह किया गया है कि आप लोग अपने–अपने वार्डों की जनता से जुड़े हैं। झाँसी महानगर की जनता को ऑन–लाइन वोटिंग करने हेतु प्रोत्साहित करें जिससे अधिक से अधिक वोटिंग हो व प्रतिस्पर्धा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पर जितनी ज्यादा वोटिंग होगी उसी आधार पर झाँसी को स्मार्ट सिटी में चयन किये जाने का रास्ता सुलभ होगा।

श्री अशोक पलया मा0 पार्षद वार्ड नं0 30 ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में ऑन–लाइन वोटिंग हेतु एक लैपटॉप की व्यवस्था की जाये।

श्री गुलशन यादव मा0 पार्षद ने बैठक मे आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उपसभापति को मा0 महापौर के बगल में बैठाये जाने पर आपत्ति प्रकट की।

मा0 महापौर महोदया ने पत्र पर अधिनियम के अनुसार बैठने की व्यवस्था की जाये पत्र नगर आयुक्त को अग्रसारित किया।

श्रीमती किरन राजू बुकसेलर
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी

निर्णय :- सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि झाँसी नगर को 20 प्रथम शहरों में चयन किये जाने का पूर्ण प्रयास किया जाये। स्मार्ट सिटी मिशन की गाइड लाइन्स के अनुरुप वित्तीय योजना एवं एस.पी.बी. को अंगीकृत करते हुये गठित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

अन्य प्रस्ताव सं0 01 :– अमृत सिटी योजना को लागू करने के प्रस्ताव पर विचार।
विचार विमर्शः– नगर आयुक्त जी ने कहा कि नगर निगम झाँसी अमृत सिटी में चयनित है। जिसमें पांच घटकों के सम्बन्ध में सर्विस लेबल इम्प्रूवमेंट प्लान तैयार किये जाने थे जिसमें वॉटर सप्लाई, ड्रेनेज सिस्टम, सीवरेज सिस्टम, पार्क का विकास किया जाना तथा नगर की यातायात व्यवस्था सम्मिलित है। उपरोक्त पांचों घटकों का प्रस्ताव तैयार कर भेजी जा चुकी है।
निर्णय :- सर्वसम्मति से स्वीकृत।

अन्य प्रस्ताव सं0 02 :– स्वच्छ भारत मिशन योजना के क्रियान्वयन के प्रस्ताव पर विचार।
विचार विमर्शः– नगर आयुक्त जी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौंचालय, सार्वजनिक शौंचालय, सामुदायिक शौंचालय खुले में शौंच की प्रथा को पूर्णतया समाप्त करने हेतु निर्मित किये जाने हैं जिसमें व्यक्तिगत शौंचालय हेतु रु 4000/– भारत सरकार एवं रु 4000/– राज्य सरकार द्वारा अनुदान की व्यवस्था है और शेष धनराशि लाभार्थी द्वारा स्वयं वहन की जायेगी। सामुदायिक शौंचालय हेतु रु 26000/– भारत सरकार एवं रु 26000/– राज्य सरकार द्वारा अनुदान की व्यवस्था है। उपरोक्त के अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए भी वित्तीय व्यवस्था किये जाने का संकल्प है। उपरोक्त के सम्बन्ध में स्वच्छ भारत मिशन की गाइड लाइन्स/दिशा निर्देश के अनुरुप कार्यवाही गतिमान है।
निर्णय :- सर्वसम्मति से स्वीकृत।

अन्त में मा0 महापौर जी द्वारा बैठक में उपस्थित मा0 पार्षदगणों/नामित पार्षदों एवं उपस्थित पत्रकार बन्धुओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्मार्ट सिटी मिशन को अंगीकृत करने सम्बन्धी बैठक समाप्त करने की औपचारिक घोषणा की गई।

(श्रीमती किरन राजू बुकसेलर)
महापौर
झाँसी नगर निगम, झाँसी।